तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारी[illegible] अहकाम जो इ[illegible] हुक्म की तामी[illegible] में जारी हुए
8.11.19	पत्रावली पेश हुई, अभिभाषकगण द्वारा न्यायिक कार्य स्थगन/बहिष्कार र... से पत्रावली दिनांक 15.11.19 को पेश हो।	
15.11.19	पत्रावली पेश हुई उभयपक्ष उपस्थित, तहसीलदार मांडल द्वारा मौका रिपोर्ट प्राप्त दिनांक 19.9.19 पूर्व मे ही प्राप्त हो चुकी है इसे शा० प० किया गया, वकील प्रार्थीगण द्वारा एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जिसे शा० प० किया जाकर एक प्रति प्रतिवादीगण अधिवक्ता को दिलायी गयी। प्रार्थना पत्र मे वकील प्रार्थीगण ने तहसीलदार मांडल की उपस्थिति मे मौका की स्थिति दिखाये जाने का निवेदन किया। P.O. सा. स्वयं द्वारा मौका निरीक्षण दिनांक 19.11.19 को देखने हेतु पत्रावली दिनांक 22.11.19 को पेश हो।	
22.11.19	पत्रावली पेश हुई, अभिभाषकगण द्वारा न्यायिक कार्य स्थगन/बहिष्कार रखने से पत्रावली दिनांक 26.11.19 को पेश हो।	
26.11.19	उभय पक्ष उपस्थित पीठासीन अधिकारी राजकीय कार्य से बाहर हैं। अवकाश पर है / पदरिक्त है। अतः पत्रावली दिनांक 28.11.19 को पेश हो। रीडर उपखण्ड अधिकारी माण्डल	
28.11.19	पत्रावली पेश हुई, उ[illegible] निरीक्षण की रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसे शामिल पत्रावली किया गया, उभयपक्षो ने बहस करनी चाही। उभयपक्षो की बहस सुनी गयी। वास्ते पत्रावली आदेश हेतु नियत दिनांक 29.11.19 को पेश हो।	

Signature Not Verified
Digitally signed by Mahipal Singh
Date: 2021.01.22 16:12:32 IST
Reason: SelfAttested

नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
.19	पत्रावली पेश हुई. उभयपक्ष उपस्थित, वकील प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251-A रा० का० अधिनियम के तहत अपनी खातेदारी आराजी नं० 6488 रकबा 01 बीघा 05 बिस्वा, आराजी नं० 6478 रकबा 02 बीघा 01 बिस्वा, आराजी नं० 6485 रकबा 01 बीघा 11 बिस्वा, आराजी नं० चाह 6486 रकबा 03 बिस्वा भूमि जो ग्राम कोलीखेड़ा पटवार हल्का सेतोकपुरा तहसील माण्डल मे स्थित उक्त भूमि मे प्रार्थीगण के आने जाने हेतु रास्ता विपक्षी संख्या 01 लगायत 05 की आराजी नं० 6501 रकबा 18 बिस्वा के मध्य मे 15 फीट की चौड़ाई का रास्ता कायम करने की इस्तदुआ की। जब कि विपक्षीगण द्वारा जवाब पेश कर निवेदन किया कि उनकी आराजी मे किसी प्रकार का कोई रास्ता नही है। प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज एंव विपक्षीगण द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज तथा भू-अभिलेख निरीक्षक द्वारा पेश की गई मौका रिपोर्ट का अध्ययन व मनन किया गया। प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251-A रा० का० अधिनियम स्वीकार योग्य है अतः :: आदेश :: प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251-A रा० का० अधिनियम स्वीकार कर प्रार्थीगण की आराजियात ग्राम कोलीखेड़ा पटवार हल्का सेतोकपुरा तहसील माण्डल जिला-भीलवाड़ा मे स्थित आराजी नम्बर 6488 रकबा 01 बीघा 05 बिस्वा, आराजी नम्बर 6478 रकबा 02 बीघा 01 बिस्वा, आराजी नम्बर 6485 रकबा 01 बीघा 11 बिस्वा, आराजी नम्बर 6486 चाह रकबा 03 बिस्वा भूमि पर आने-जाने हेतु रास्ता राजस्व	

Signature Not Verified
Digitally signed by Mahipal Singh
Date: 2021.01.22 16:12:32 IST
Reason: SelfAttested

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व ता... अहकाम जो... हुक्म की ता... में जारी हु...
	हेतु विपक्षीगण की आराजी नम्बर 605 रकबा 18 बिस्वा मे से दक्षिणी, पूर्वी मेड के A TO B के सहारे -सहारे 12 फीट का रास्ता दिया जाने का आदेश दिया जाता है. 12 फीट चौड़ा रास्ता के काम मे आने वाली भूमि की D.L.C. दर की डबल राशि नकद या D.D. प्रार्थीगण से प्राप्त कर अप्रार्थीगण को भुगतान करे। तथा तहसीलदार माण्डल को आदेशित किया जाता है अप्रार्थीगण द्वारा निर्मित पक्की ईटो की दीवार को हटायी जावे। हटाने का सम्पूर्ण खर्चा प्रार्थीगण से वसूला जावे एव हटाई गई दीवार का निर्माण मूल्य प्रार्थीगण से वसूल कर अप्रार्थीगण को भुगतान किया जावे। अप्रार्थीगण की भूमि रास्ते मे आने वाली भूमि को राजस्व रेकार्ड मे से कम की जावे और भूमि को राजस्व रेकार्ड मे रास्ता दर्ज करते हुए नक्शे मे तरमीम किया जावे। नियमानुसार अपील अवधि के पश्चात तहसीलदार मांडल द्वारा निर्णय की पालना की जावे। पालना हेतु निर्णय की प्रति तहसीलदार माण्डल को भिजवाते हुए लिखा जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम की जावे। Sd/- 29/11/19 उपखण्ड अधिकारी मांडल जिला भीलवाड़ा	

Signature Not Verified

Digitally signed by Mahipal Singh
Date: 2021.01.22 16:12:32 IST
Reason: SelfAttested